रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८ /२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 19/12/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** मेंडल के अनुसार, जब एक लंबे मटर के पौधे (TT) का संकरण एक बौने मटर के पौधे (tt) के साथ किया जाता है, तो F1 संतति में ____________ होगें।

Ans
- ✗ A. सभी बौने (tt)
- ✓ B. सभी लंबे (Tt)
- ✗ C. 50% लंबे (Tt), 50% बौने (tt)
- ✗ D. 75% लंबे (TT/Tt), 25% बौने (tt)

**Q.2** बीजांड का कौन-सा भाग पराग नलिका (शुक्राणु केन्द्रक युक्त) को मादा युग्मक की ओर निर्देशित करने में सहायता करता है?

Ans
- ✗ A. वर्तिका (Style)
- ✗ B. भ्रूणपोष (Endosperm)
- ✓ C. सहाय कोशिकाएं (Synergids)
- ✗ D. प्रतिव्यासांत कोशिकाएं (Antipodal cells)

**Q.3** किस अवपरमाणुक कण पर ऋणात्मक आवेश होता है, लेकिन द्रव्यमान नगण्य होता है?

Ans
- ✗ A. प्रोटॉन
- ✗ B. न्यूक्लिऑन
- ✓ C. इलेक्ट्रॉन
- ✗ D. न्यूट्रॉन

**Q.4** एक गोलाकार दर्पण की परावर्तक वक्र पृष्ठ के व्यास को _______ कहा जाता है।

Ans
- ✗ A. फोकल लम्बाई
- ✗ B. वक्रता की त्रिज्या
- ✓ C. एपर्चर
- ✗ D. ध्रुव

| Q.5 | नीचे दिए गए दो कथनों का संदर्भ लीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br><br>कथन A: एथेनोइक अम्ल सोडियम हाइड्रॉक्साइड के साथ अभिक्रिया करके सोडियम एसीटेट और जल बनाता है।<br>कथन B: यह अभिक्रिया उदासीनीकरण है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. कथन A गलत है लेकिन कथन B सही है। |
| | ✗ B. कथन A सही है लेकिन कथन B गलत है। |
| | ✗ C. कथन A और B दोनों गलत हैं। |
| | ✓ D. कथन A और B दोनों सही हैं। |

| Q.6 | जब एक रॉकेट को ऊपर की ओर प्रक्षेपित किया जाता है, तो उस पर लगने वाले बल ____________ होते हैं। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. संतुलित |
| | ✗ B. केवल गुरुत्वाकर्षण |
| | ✓ C. असंतुलित |
| | ✗ D. सभी दिशाओं में समान |

| Q.7 | सोडियम तत्व का सही प्रतीक क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. Sd |
| | ✗ B. S |
| | ✗ C. So |
| | ✓ D. Na |

| Q.8 | प्रतिरोध R वाले एक तार को सात बराबर भागों में काटा जाता है। फिर इन भागों को समांतर क्रम में जोड़ा जाता है। यदि इस नए संयोजन का तुल्य प्रतिरोध R′ है, तो अनुपात R / R′ का मान कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 7 |
| | ✓ B. 49 |
| | ✗ C. 1/49 |
| | ✗ D. 1/7 |

| Q.9 | घरेलू परिपथ में, लाइव तार (live wire) सामान्यत: किस रंग का होता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. काला |
| | ✗ B. हरा |
| | ✗ C. पीला |
| | ✓ D. लाल |

| Q.10 | 20 kg द्रव्यमान पर लगने वाला एक निश्चित बल उसके वेग को 5 m/s से 2 m/s में बदल देता है। इस बल द्वारा किए गए कार्य की गणना कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. −420 J |
| | ✗ B. 210 J |
| | ✓ C. −210 J |
| | ✗ D. 420 J |

| Q.11 | निम्नलिखित में से कौन-सा एकसमान वृत्तीय गति का उदाहरण है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. सीधी रेखा में चलता एक व्यक्ति |
| | ✗ B. सीधी सड़क पर चलती एक कार |
| | ✓ C. पृथ्वी की परिक्रमा करता एक उपग्रह |
| | ✗ D. ऊर्ध्वाधर ऊपर की ओर फेंकी गई एक गेंद |

| | |
|---|---|
| Q.12 | महिलाओं के शरीर में मुखीय गर्भनिरोधक गोलियों का क्या प्रभाव होता है? |
| Ans | ✗ A. ये डिम्बवाहिनी नली में भौतिक रोध उत्पन्न करती हैं। |
| | ✗ B. ये योनि में शुक्राणुओं के मार्ग को अवरुद्ध करती हैं। |
| | ✗ C. ये आने वाले शुक्राणुओं के लिए विषालु होती हैं। |
| | ✓ D. ये प्राथमिक अंडक की परिपक्वता को रोकती हैं। |

| | |
|---|---|
| Q.13 | साम्यानुमान (analogy) को पूर्ण करने के लिए पद को युग्मित करें।<br>पर्णहरित : हरित वर्णक :: स्टार्च : ____। |
| Ans | ✗ A. जल स्रोत |
| | ✗ B. ऑक्सीजन वाहक |
| | ✗ C. प्रोटीन |
| | ✓ D. ऊर्जा भंडारण |

| | |
|---|---|
| Q.14 | लाइसोसोम के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है? |
| Ans | ✗ A. लाइसोसोम प्रोटीन का संश्लेषण करते हैं। |
| | ✗ B. लाइसोसोम में वृद्धिकर हार्मोन होते हैं। |
| | ✗ C. लाइसोसोम वसा का संश्लेषण करते हैं। |
| | ✓ D. लाइसोसोम में पाचक एंजाइम होते हैं। |

| | |
|---|---|
| Q.15 | निम्नलिखित में से कौन-सा, अनुरणन को कम करने का सही तरीका है? |
| Ans | ✗ A. फर्नीचर हटाना |
| | ✗ B. संगमरमर की दीवारों का उपयोग |
| | ✓ C. ध्वनि-अवशोषक सामग्री का उपयोग |
| | ✗ D. कठोर कंक्रीट फर्श का उपयोग करना |

| | |
|---|---|
| Q.16 | प्रतिवर्ती चाप (reflex arc) के संदर्भ में तंत्रिका तंत्र का कौन-सा भाग, बाह्य उत्तेजनाओं से सिग्नल प्राप्त करने और संचारित करने के लिए उत्तरदायी है? |
| Ans | ✓ A. संवेदी तंत्रिका-कोशिकाएं (Sensory neurons) |
| | ✗ B. रिले तंत्रिका-कोशिकाएं (Relay neurons) |
| | ✗ C. प्रभावक पेशी (Effector muscle) |
| | ✗ D. प्रेरक तंत्रिका-कोशिकाएं (Motor neurons) |

| | |
|---|---|
| Q.17 | जीभ मुख्य रूप से _________ पाचन में सहायता करती है। |
| Ans | ✗ A. पोषक तत्वों को अवशोषित करके |
| | ✗ B. भोजन को छोटे टुकड़ों में पीसकर |
| | ✓ C. भोजन को लार के साथ मिलाकर |
| | ✗ D. पाचन एंजाइमों का स्राव करके |

| | |
|---|---|
| Q.18 | निम्नलिखित में से कौन-सा फसल के लिए एक अजैविक प्रतिरोध नहीं है? |
| Ans | ✗ A. ऊष्मा |
| | ✗ B. लवणता |
| | ✗ C. सूखा |
| | ✓ D. कीट |

| Q.19 | निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. अग्रिम सूर्योदय तथा विलंबित सूर्यास्त वायुमंडलीय अपवर्तन के कारण होता है। |
| | ✘ B. अग्रिम सूर्योदय तथा विलंबित सूर्यास्त प्रकाश के प्रकीर्णन के कारण होता है। |
| | ✘ C. अग्रिम सूर्योदय तथा विलंबित सूर्यास्त केवल पृथ्वी के घूर्णन के कारण होता है। |
| | ✘ D. अग्रिम सूर्योदय प्रकीर्णन के कारण होता है तथा विलंबित सूर्यास्त अपवर्तन के कारण होता है। |

| Q.20 | ऐलुमिनियम धातुओं के ऐनोडीकरण करने का उद्देश्य क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. एक सुरक्षात्मक ऑक्साइड परत बनाना |
| | ✘ B. इसे वायु के साथ अधिक अभिक्रियाशील बनाना |
| | ✘ C. इसकी विद्युत चालकता बढ़ाना |
| | ✘ D. इसके गलनांक को कम करना |

| Q.21 | एक विशिष्ट विशेषता जो साबुन से संबंधित नहीं है, वह ....................है। |
|---|---|
| Ans | ✘ A. माइसेल्स (micelles) का निर्माण |
| | ✘ B. हाइड्रोफोबिक पुच्छ |
| | ✘ C. हाइड्रोफिलिक हेड |
| | ✔ D. कठोर जल के साथ पूरी तरह से काम करता है |

| Q.22 | किसी तत्व के अणु ________________ बने होते हैं। |
|---|---|
| Ans | ✘ A. जटिल प्रकार के परमाणुओं से |
| | ✔ B. समान प्रकार के परमाणुओं से |
| | ✘ C. कठिन प्रकार के परमाणुओं से |
| | ✘ D. विभिन्न प्रकार के परमाणुओं से |

| Q.23 | निम्नलिखित में से तत्वों के किस युग्म में न्यूट्रॉनों की संख्या समान होती है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. B, C |
| | ✘ B. Be, B |
| | ✘ C. He, Li |
| | ✘ D. Li, Be |

| Q.24 | निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. स्थान के साथ द्रव्यमान में परिवर्तन होता है |
| | ✔ B. द्रव्यमान किसी वस्तु में पदार्थ की मात्रा होती है |
| | ✘ C. भार और द्रव्यमान की SI इकाइयाँ समान होती हैं |
| | ✘ D. भार गुरुत्वाकर्षण से स्वतंत्र होता है |

| Q.25 | वाशिंग सोडा में सोडियम, कार्बन और ऑक्सीजन तत्व उपस्थित होते हैं। इन तत्वों के गलत प्रतीक का चयन कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✘ A. C |
| | ✘ B. O |
| | ✘ C. Na |
| | ✔ D. SO |

Section : **Mathematics**

| Q.26 | पांच वर्ष पहले, मीरा अपनी भतीजी काव्या से तीन गुनी बड़ी थी। अब से सात वर्ष बाद, मीरा काव्या से दोगुनी बड़ी हो जाएगी। मीरा की वर्तमान आयु (वर्ष में) कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 41 |
| | ✗ B. 39 |
| | ✗ C. 43 |
| | ✗ D. 45 |

| Q.27 | किसी घनाभाकार वस्तु की लंबाई, चौड़ाई और ऊँचाई का अनुपात $6:5:4$ है तथा उसका आयतन $810000\sqrt{2}\ \text{cm}^3$ है। उसका पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 68600 cm2 |
| | ✗ B. 65600 cm2 |
| | ✔ C. 66600 cm2 |
| | ✗ D. 67600 cm2 |

| Q.28 | ₹657 अंकित मूल्य वाली कोई वस्तु ₹526 में बेची गई। दिया गया छूट प्रतिशत कितना था? (उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित करें।) |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 19.94% |
| | ✗ B. 23.93% |
| | ✗ C. 17.29% |
| | ✗ D. 17.13% |

| Q.29 | मालती ने ₹1,410 में 5 गुलाब के पौधे और 9 चमेली के पौधे खरीदे और उसकी दोस्त रानी ने ₹1,170 में 6 गुलाब के पौधे और 5 चमेली के पौधे खरीदे। क्रमशः 1 गुलाब और 1 चमेली के पौधे का मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 90; 120 |
| | ✗ B. 115; 87 |
| | ✔ C. 120; 90 |
| | ✗ D. 132; 94 |

| Q.30 | 7%, 10% और 15% की तीन क्रमिक छूटों के बराबर एकल छूट (लगभग) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 30.16% |
| | ✗ B. 29.49% |
| | ✗ C. 31.22% |
| | ✔ D. 28.85% |

| Q.31 | 13 संख्याओं का औसत 7 है। यदि प्रत्येक संख्या को 3 से गुणा किया जाए, तो नया औसत क्या होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 7 |
| | ✔ B. 21 |
| | ✗ C. 3 |
| | ✗ D. 13 |

| Q.32 | समकोण त्रिभुज ABC में, जिसका कोण B समकोण है, यदि tanA = $\frac{3}{4}$ है, तो cosec A ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. $\frac{5}{3}$ |
| | ✗ B. $\frac{3}{2}$ |
| | ✗ C. $\frac{4}{3}$ |
| | ✗ D. $\frac{5}{2}$ |

| Q.33 | ₹10,415 को P, Q और R में इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि यदि उनके संबंधित हिस्सों में से ₹62, ₹17 और ₹79 घटा दिए जाएं, तो उनके पास 15 : 10 : 14 के अनुपात में धन बचता है। Q और R के मूल हिस्सों का अंतर ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ₹1,202 |
| | ✗ B. ₹1,152 |
| | ✗ C. ₹902 |
| | ✓ D. ₹1,114 |

| Q.34 | P, Q और R प्रकार की प्रत्येक वस्तु के मूल्य क्रमशः ₹280, ₹180 और ₹100 हैं। एक किशोर प्रत्येक प्रकार की वस्तुएं 3 : 4 : 5 के अनुपात में कुल ₹6,180 में खरीदता है। उसने Q प्रकार की कितनी वस्तुएं खरीदीं? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 12 |
| | ✗ B. 20 |
| | ✗ C. 9 |
| | ✗ D. 18 |

| Q.35 | n-भुजाओं वाले एक सम बहुभुज के विकर्णों की संख्या 665 है। 'n' का मान कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 35 |
| | ✗ B. 40 |
| | ✓ C. 38 |
| | ✗ D. 33 |

| Q.36 | 232 m और 248 m लंबी दो ट्रेनें विपरीत दिशाओं में चल रही हैं। पहली ट्रेन की चाल 51 km/hr और दूसरी ट्रेन की चाल 57 km/hr है। उन्हें एक-दूसरे को पार करने में कितना समय लगेगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 26 सेकंड |
| | ✓ B. 16 सेकंड |
| | ✗ C. 22 सेकंड |
| | ✗ D. 11 सेकंड |

| Q.37 | P और Q मिलकर एक टंकी को 12 घंटे में पानी से भर सकते हैं। यदि P अकेले टंकी को 24 घंटे में पानी से भर सकता है, तो Q अकेले उसी टंकी का एक-चौथाई भाग कितने घंटे में पानी से भरेगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 7 |
| | ✗ B. 12 |
| | ✗ C. 13 |
| | ✓ D. 6 |

| Q.38 | एक विक्रेता को एक शर्ट ₹1,000 में बेचने पर 5% की हानि होती है। उसे इसे ₹1,400 में बेचकर x% का लाभ होता। x का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 34 |
| | ✗ B. 31.2 |
| | ✓ C. 33 |
| | ✗ D. 30.5 |

| Q.39 | 5 फरवरी 2023 से 19 अप्रैल 2023 की अवधि के लिए ₹2,000 पर 7% वार्षिक ब्याज दर से साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 28 |
| | ✗ B. 26 |
| | ✗ C. 29 |
| | ✗ D. 27 |

| | |
|---|---|
| Q.40 | एक त्रिभुज का क्षेत्रफल एक ऐसे समांतर चतुर्भुज के क्षेत्रफल का एक-तिहाई है जिसका आधार 24 cm है। समांतर चतुर्भुज की ऊँचाई ज्ञात कीजिए।<br>यदि त्रिभुज की भुजाएँ क्रमशः 22 cm,18 cm और 24 cm लंबी हैं।<br>($\sqrt{35} = 5.9$ का प्रयोग करें) |
| Ans | ✗ A. 18.2 cm |
| | ✗ B. 21.8 cm |
| | ✓ C. 23.6 cm |
| | ✗ D. 26.4 cm |

| | |
|---|---|
| Q.41 | निम्नलिखित व्यंजक में x का मान ज्ञात कीजिए।<br>$(0.36)^3 \times (0.216)^3 \div (0.1296)^3 = (60 \div 100)^{x+1}$ |
| Ans | ✗ A. 3 |
| | ✗ B. 1 |
| | ✓ C. 2 |
| | ✗ D. 0 |

| | |
|---|---|
| Q.42 | एक कमरे की विमाएँ 16 m, 20 m और 24 m हैं। सभी विमाओं को सटीक रूप से मापने के लिए सबसे बड़े संभावित पैमाने की लंबाई (m में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 5 |
| | ✗ B. 6 |
| | ✓ C. 4 |
| | ✗ D. 9 |

| | |
|---|---|
| Q.43 | निम्नलिखित को सरल कीजिए:<br>$[(3x + 5y)^2 − 60xy] \div [(3x − 5y)^2]$ |
| Ans | ✗ A. 2 |
| | ✗ B. −1 |
| | ✓ C. 1 |
| | ✗ D. −2 |

| | |
|---|---|
| Q.44 | प्रेक्षणों 9, 6, 8, 1, 9, 6, 4, 5, 7, 1, 6, 5, 3, 6, 6, 3 और 3 का बहुलक ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 8 |
| | ✗ B. 1 |
| | ✗ C. 9 |
| | ✓ D. 6 |

| | |
|---|---|
| Q.45 | यदि $m$ और $n$ धनात्मक पूर्णांक हैं तथा $(m - n)$ एक सम संख्या है, तो $(m^2 - n^2)$ सदैव किससे विभाज्य होगा? |
| Ans | ✗ A. 7 |
| | ✗ B. 5 |
| | ✓ C. 4 |
| | ✗ D. 6 |

| | |
|---|---|
| Q.46 | 282 m लम्बी एक रेलगाड़ी को विपरीत दिशा से आ रही 248 m लम्बी दूसरी रेलगाड़ी को पार करने में 12 सेकंड का समय लगता है।<br>यदि पहली रेलगाड़ी की चाल 68 km/hr है, तो दूसरी रेलगाड़ी की चाल ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 82 km/hr |
| | ✗ B. 89 km/hr |
| | ✗ C. 96 km/hr |
| | ✓ D. 91 km/hr |

| Q.47 | एक टंकी में दो इनलेट पाइप, A और B, और एक आउटलेट पाइप, C है। पाइप A अकेले टंकी को 15 घंटे में भर सकता है, पाइप B अकेले इसे 18 घंटे में भर सकता है, और पाइप C अकेले इसे 27 घंटे में खाली कर सकता है। पहले 5 घंटे के लिए, पाइप A और B एक साथ खोले जाते हैं। फिर, अगले 12 घंटे के लिए, पाइप B और C एक साथ खोले जाते हैं। उसके बाद, केवल पाइप B ही खुला रहता है। पाइप B अकेले टंकी के शेष भाग को भरने में कितना समय लेगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 4 घंटे |
| | ✗ B. 6 घंटे |
| | ✗ C. 5 घंटे |
| | ✔ D. 3 घंटे |

| Q.48 | एक वॉशिंग मशीन की कीमत एक TV की कीमत से 25% कम है। यदि वॉशिंग मशीन की कीमत में 87% की वृद्धि होती है और टीवी की कीमत में 45% की कमी होती है, तो 4 वॉशिंग मशीनों और 5 TVs की कुल कीमत में प्रतिशत परिवर्तन क्या होगा? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 4.5% की वृद्धि |
| | ✗ B. 4% की कमी |
| | ✗ C. 5.2% की वृद्धि |
| | ✗ D. 9% की कमी |

| Q.49 | दो मित्रों, मोहन और डेविड की मासिक आय क्रमशः 5 : 8 के अनुपात में है और उनमें से प्रत्येक हर महीने ₹75,000 बचत करता है। यदि उनके मासिक व्यय का अनुपात 1 : 4 है, तो मोहन की मासिक आय (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 93,750 |
| | ✗ B. 92,750 |
| | ✗ C. 1,31,250 |
| | ✗ D. 94,750 |

| Q.50 | पूर्णांक 105 वाली किसी परीक्षा में, B को 50 अंक प्राप्त हुए, जबकि A को 75 अंक प्राप्त हुए। B के अंक A के अंकों के कितने प्रतिशत थे? (अपने उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 71.43% |
| | ✔ B. 66.67% |
| | ✗ C. 150.57% |
| | ✗ D. 105.12% |

Section : **General Intelligence and Reasoning**

| Q.51 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. UY - TX |
| | ✗ B. GK - FJ |
| | ✔ C. RV - QV |
| | ✗ D. LP - KO |

| Q.52 | CPWG एक निश्चित तरीके से XTTI से संबंधित है। उसी प्रकार NILC, IMIE से संबंधित है। इसी तर्क के अनुसार, OKZD दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. KPVE |
| | ✗ B. JPWE |
| | ✔ C. JOWF |
| | ✗ D. KOVF |

| | |
|---|---|
| Q.53 | यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>49 B 9 D 609 A 7 C 214 = ? |
| Ans | ✔ A. 568 |
| | ✘ B. 545 |
| | ✘ C. 524 |
| | ✘ D. 536 |

| | |
|---|---|
| Q.54 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>84 86 90 92 96 ? |
| Ans | ✔ A. 98 |
| | ✘ B. 97 |
| | ✘ C. 99 |
| | ✘ D. 100 |

| | |
|---|---|
| Q.55 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>2 2 ? 12 48 240 |
| Ans | ✘ A. 10 |
| | ✘ B. 8 |
| | ✘ C. 6 |
| | ✔ D. 4 |

| | |
|---|---|
| Q.56 | दी गई श्रृंखला को देखिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं करनी है।<br><br>(बाएं) 1 9 9 7 7 5 6 4 3 3 3 1 5 9 7 9 4 9 1 2 5 7 9 5 8 5 2 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी सम संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है तथा ठीक बाद भी एक विषम संख्या है? |
| Ans | ✔ A. 3 |
| | ✘ B. 2 |
| | ✘ C. 4 |
| | ✘ D. 5 |

| | |
|---|---|
| Q.57 | उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।<br><br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>(25, 72, 194)<br>(32, 80, 224) |
| Ans | ✘ A. (74, 88, 304) |
| | ✔ B. (45, 89, 268) |
| | ✘ C. (56, 98, 312) |
| | ✘ D. (91, 65, 310) |

| Q.58 | सभी 87 व्यक्ति एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर खड़े हैं।<br>श्रीमान Zzz दाएं छोर से 11वें स्थान पर हैं जबकि श्रीमान Ggg बाएं छोर से 26वें स्थान पर हैं।<br>श्रीमान Zzz और श्रीमान Ggg के बीच कितने व्यक्ति हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 51 |
| | ✓ B. 50 |
| | ✗ C. 53 |
| | ✗ D. 52 |

| Q.59 | अजीत बिंदु Y से चलना शुरू करता है और उत्तर दिशा में 12 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 33 km गाड़ी चलाता है, फिर दाएं मुड़कर 67 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़कर 48 km गाड़ी चलाता है। वह दाएं मुड़कर 55 km गाड़ी चलाता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 27 km गाड़ी चलाकर बिंदु Z पर रुकता है। बिंदु Y पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।) |
|---|---|
| Ans | ✓ A. पूर्व की ओर 42 km |
| | ✗ B. पश्चिम की ओर 46 km |
| | ✗ C. पश्चिम की ओर 44 km |
| | ✗ D. पूर्व की ओर 48 km |

| Q.60 | किसी निश्चित कूट भाषा में,<br>P + Q का अर्थ है कि 'P, Q का पति है',<br>P # Q का अर्थ है कि 'P, Q का भाई है',<br>P & Q का अर्थ है कि 'P, Q की माता है' और<br>P % Q का अर्थ है कि 'P, Q की बहन है'।<br><br>यदि 'S # D + V & I % M' है, तो S का M से क्या संबंध है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पिता के पिता |
| | ✗ B. पिता की माता |
| | ✗ C. पत्नी के पिता |
| | ✓ D. पिता के भाई |

| Q.61 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>YIS WKO UMK SOG ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. QXZ |
| | ✗ B. QWS |
| | ✓ C. QQC |
| | ✗ D. QCC |

| Q.62 | A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। G के बाएं से गिनने पर, F और G के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। A, E के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। C, E के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। C, F के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। B, A का निकटतम पड़ोसी है। F के दाएँ से गिनने पर, D और F के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 0 |
| | ✗ B. 3 |
| | ✓ C. 5 |
| | ✗ D. 2 |

| Q.63 | सभी 61 व्यक्ति एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर खड़े हैं। Z बाएँ छोर से 16वें स्थान पर है जबकि G दाएँ छोर से 7वें स्थान पर है। Z और G के बीच कितने व्यक्ति हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 37 |
| | ✗ B. 40 |
| | ✓ C. 38 |
| | ✗ D. 41 |

| Q.64 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?<br><br>VAE27 , OTX44 , HMQ61 , AFJ78 , ? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. TYC95 |
| | ✗ B. TYD95 |
| | ✗ C. TUC95 |
| | ✗ D. VYC95 |

| Q.65 | निम्नलिखित त्रिक में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क के अनुसार अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से वह विकल्प चुनिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।<br><br>FACE - AFCE - ECAF<br>CASE - ACSE - ESAC |
|---|---|
| Ans | ✗ A. LONG - OLNG - ONGL |
| | ✔ B. MAIN - AMIN - NIAM |
| | ✗ C. TEAM - TAEM - MAET |
| | ✗ D. GONE - OGNE - EONG |

| Q.66 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>115 85 60 40 25 ? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 15 |
| | ✗ B. 5 |
| | ✗ C. 10 |
| | ✗ D. 20 |

| Q.67 | सात मित्र, B, C, D, T, U, V और W, उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। C और W के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D, W के ठीक बाईं ओर बैठा है। B के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। B और D के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। T, V के ठीक दाईं ओर बैठा है। U और T के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. एक |
| | ✗ B. तीन |
| | ✔ C. दो |
| | ✗ D. चार |

| Q.68 | अजय, बिंदु A से पूर्व की ओर 10 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 10 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करके बिंदु P पर पहुँच कर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस जाने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना होगा? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90° के हैं) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. दक्षिण की ओर 15 km |
| | ✗ B. पूर्व की ओर 20 km |
| | ✗ C. उत्तर की ओर 20 km |
| | ✔ D. पश्चिम की ओर 20 km |

| Q.69 | किसी निश्चित कूट भाषा में, "TMCB" को "76" के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा "GKIR" को "90" के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उसी भाषा में "VAPD" के लिए कूट क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 91 |
| | ✔ B. 86 |
| | ✗ C. 88 |
| | ✗ D. 80 |

| | |
|---|---|
| Q.70 | A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।<br>C, F के बायीं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। B, E के बायीं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। G और B दोनों का निकटतम पड़ोसी F है। D, C का निकटतम पड़ोसी नहीं है।<br>B के दाईं ओर से गिनने पर, B और D के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
| Ans | ✗ A. 3 |
| | ✗ B. 1 |
| | ✓ C. 0 |
| | ✗ D. 2 |

| | |
|---|---|
| Q.71 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br><br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✗ A. FMI |
| | ✗ B. LSO |
| | ✗ C. PWS |
| | ✓ D. NJI |

| | |
|---|---|
| Q.72 | किसी निश्चित कूट भाषा में, OAVY को 56 के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा SIXT को 47 के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में TMZB के लिए कूट क्या है? |
| Ans | ✓ A. 58 |
| | ✗ B. 63 |
| | ✗ C. 55 |
| | ✗ D. 60 |

| | |
|---|---|
| Q.73 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर KIGK, JHFJ से एक निश्चित तरीके से संबंधित है। उसी प्रकार, JHFJ, IGEI से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार, SQOS निम्नलिखित में से किससे संबंधित है? |
| Ans | ✗ A. RPMR |
| | ✗ B. RQMS |
| | ✗ C. ROMR |
| | ✓ D. RPNR |

| | |
|---|---|
| Q.74 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन:<br>कुछ बीज, बेरी हैं।<br>सभी फल, बेरी हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) कुछ बीज, फल हैं।<br>(II) सभी बेरी, फल हैं। |
| Ans | ✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है |
| | ✗ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है |
| | ✗ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं |
| | ✓ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है |

**Q.75** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) @ 3 6 7 & 8 # & + $ 1 ? 9 1 + 7 1 # # < 2 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक और प्रतीक है तथा ठीक बाद एक संख्या है?

**Ans**

- ✔ A. दो
- ✘ B. तीन
- ✘ C. एक
- ✘ D. एक भी नहीं

**Q.76** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) # 4 ^ 8 8 < 2 / $ 7 $ \ 1 & ^ 8 4 \ ? \ 8 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक और संख्या है तथा ठीक बाद एक प्रतीक है?

**Ans**

- ✘ A. तीन
- ✘ B. एक
- ✔ C. दो
- ✘ D. एक भी नहीं

**Q.77** यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

24 ÷ 19 + 84 × 7 − 127 = ?

**Ans**

- ✔ A. 571
- ✘ B. 594
- ✘ C. 523
- ✘ D. 587

**Q.78** यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

12 ÷ 5 + 21 × 3 − 2 = ? + 5

**Ans**

- ✘ A. 55
- ✘ B. 45
- ✔ C. 60
- ✘ D. 50

**Q.79** निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) 1 7 2 5 8 5 5 2 2 7 8 4 3 7 6 4 1 6 1 2 9 1 5 6 8 3 2 4 8 5 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक पूर्ण वर्ग अंक है और ठीक बाद एक अभाज्य अंक है? (नोट: 1 भी एक पूर्ण वर्ग है।)

**Ans**

- ✘ A. एक
- ✘ B. तीन से अधिक
- ✔ C. तीन
- ✘ D. दो

| | |
|---|---|
| Q.80 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।<br><br>कथन:<br>सभी पार्क, झोपड़ियाँ हैं।<br>सभी झोपड़ियाँ, ज़िले हैं।<br>सभी ज़िले, शहर हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) सभी पार्क, ज़िले हैं।<br>(II) सभी झोपड़ियाँ, शहर हैं। |
| Ans | ✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है |
| | ✗ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है |
| | ✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है |
| | ✓ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं |

## Section : General Awareness and Current Affairs

| | |
|---|---|
| Q.81 | नवंबर 2025 में "कानूनी सहायता वितरण तंत्र को सशक्त बनाने" पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन ____ में किया गया। |
| Ans | ✓ A. भारत के सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली |
| | ✗ B. राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल |
| | ✗ C. संसद भवन, नई दिल्ली |
| | ✗ D. राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली |

| | |
|---|---|
| Q.82 | किस प्राधिकरण ने जून 2025 में ग्रेटर नोएडा में चिकित्सा उपकरण विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए एक स्कीम शुरू की? |
| Ans | ✗ A. भारत सरकार |
| | ✗ B. नोएडा विकास प्राधिकरण |
| | ✗ C. दिल्ली NCR की सरकार |
| | ✓ D. उत्तर प्रदेश सरकार |

| | |
|---|---|
| Q.83 | किस मंत्रालय ने सात राज्यों में कक्षा 10 और 12 के लिए एक समान बोर्ड अपनाने की सिफारिश की है? |
| Ans | ✗ A. वित्त मंत्रालय |
| | ✗ B. समाज कल्याण मंत्रालय |
| | ✗ C. रक्षा मंत्रालय |
| | ✓ D. शिक्षा मंत्रालय |

| | |
|---|---|
| Q.84 | 2025 लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स समारोह किस शहर में आयोजित किया गया? |
| Ans | ✗ A. लंदन |
| | ✗ B. रोम |
| | ✗ C. पेरिस |
| | ✓ D. मैड्रिड |

| | |
|---|---|
| Q.85 | खेलो इंडिया यूथ गेम्स का कौन-सा संस्करण 2025 में आयोजित किया गया था? |
| Ans | ✗ A. छठा |
| | ✗ B. चौथा |
| | ✓ C. सातवाँ |
| | ✗ D. पाँचवाँ |

| | |
|---|---|
| Q.86 | खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2025 का उद्घाटन समारोह किस स्थान पर आयोजित किया गया? |
| Ans | ✗ A. जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम |
| | ✓ B. पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स |
| | ✗ C. इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम |
| | ✗ D. राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स |

| | |
|---|---|
| Q.87 | नवंबर 2025 के उपचुनावों में, निम्नलिखित में से किस पूर्वोत्तर राज्य में विधानसभा क्षेत्र के लिए चुनाव हुए थे? |
| Ans | ✗ A. नागालैंड |
| | ✓ B. मिजोरम |
| | ✗ C. अरुणाचल प्रदेश |
| | ✗ D. मेघालय........................................................................................ |

| | |
|---|---|
| Q.88 | जून 2025 में IIT मंडी द्वारा मानसिक स्वास्थ्य अनुप्रयोगों पर केंद्रित निम्नलिखित में से किसका आयोजन किया गया था? |
| Ans | ✗ A. मस्तिष्क विज्ञान संगोष्ठी |
| | ✓ B. मन, मस्तिष्क और चेतना सम्मेलन |
| | ✗ C. स्वास्थ्य और मन शिखर सम्मेलन |
| | ✗ D. मानसिक स्वास्थ्य नवाचार मंच |

| | |
|---|---|
| Q.89 | भारतीय कंपनी इंफोसिस ने हाल ही में दूरसंचार ऑपरेटरों हेतु जनरेटिव AI सॉल्यूशन बनाने के लिए किस तकनीकी दिग्गज कंपनी के साथ साझेदारी की है? |
| Ans | ✗ A. IBM |
| | ✗ B. गूगल (Google) |
| | ✓ C. निवीडिया (Nividia) |
| | ✗ D. ओपन AI (Open AI) |

| | |
|---|---|
| Q.90 | जून 2025 में, किस जिले को आधिकारिक तौर पर ओडिशा का पहला एकल-उपयोग प्लास्टिक (SUP) मुक्त जिला घोषित किया गया? |
| Ans | ✓ A. नुआपाड़ा (Nuapada) |
| | ✗ B. बरगढ़ (Bargarh) |
| | ✗ C. कालाहांडी (Kalahandi) |
| | ✗ D. रायगढ़ा (Rayagada) |

| Q.91 | ICCON-2025 MEE रिपोर्ट में कितने राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों को शामिल किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 250 |
| | ✓ B. 438 |
| | ✗ C. 100 |
| | ✗ D. 500 |

| Q.92 | भारत के पहले जैव-विनिर्माण संस्थान, BRIC-राष्ट्रीय कृषि-खाद्य जैव-विनिर्माण संस्थान (BRIC-NABI) के एक नए परिसर का उद्घाटन अक्टूबर 2024 में _____ में किया गया, जिसका उद्देश्य उन्नत जैव प्रौद्योगिकी के माध्यम से भारत के कृषि-खाद्य क्षेत्र को बढ़ावा देना है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. चेन्नई |
| | ✗ B. अहमदाबाद |
| | ✓ C. मोहाली |
| | ✗ D. गुवाहाटी |

| Q.93 | अप्रैल 2025 में, किस संरक्षित क्षेत्र को आधिकारिक तौर पर भारत के 107वें राष्ट्रीय उद्यान के रूप में अधिसूचित किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. सिमलीपाल (Similipal) |
| | ✗ B. हेमिस (Hemis) |
| | ✗ C. भीतरकनिका (Bhitarkanika) |
| | ✗ D. रणथंभौर (Ranthambore) |

| Q.94 | 2025 में प्रकाशित पुस्तक 'लॉर्ड्स ऑफ अर्थ एंड सी: ए हिस्ट्री ऑफ द चोल एम्पायर (Lords of Earth and Sea: A History of the Chola Empire)' के लेखक कौन हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. आरके नारायण |
| | ✗ B. शशि थरूर |
| | ✗ C. केके अज़ीज़ |
| | ✓ D. अनिरुद्ध कनिसेट्टी |

| Q.95 | 2025 में, कई शताब्दियों के बाद, क्रशेनिनिकोव ज्वालामुखी फटा, जिससे राख का एक विशाल गुबार निकला। यह ज्वालामुखी किस क्षेत्र में स्थित है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. सखालिन द्वीप |
| | ✓ B. कामचटका प्रायद्वीप |
| | ✗ C. यूराल पर्वत |
| | ✗ D. साइबेरिया |

| Q.96 | अप्रैल 2025 में, मौद्रिक नीति समिति (MPC) ने नीति रेपो दर को 25 आधार अंकों से घटाकर _____ कर दिया। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 6.25% |
| | ✗ B. 5.50% |
| | ✓ C. 6.00% |
| | ✗ D. 5.75% |

| Q.97 | जून 2025 तक, भारतीय रिजर्व बैंक अपनी उदार नीति से हटकर, किस अवस्थिति (stance) पर वापस आ गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. नरम (Dovish) |
| | ✗ B. प्रतिबंधात्मक (Restrictive) |
| | ✓ C. तटस्थ (Neutral) |
| | ✗ D. निवर्तित (Withdrawn) |

| | |
|---|---|
| Q.98 | आर्मंड डुप्लांटिस ने किस वर्ष में पोल वॉल्ट का विश्व रिकॉर्ड 12वीं बार तोड़ा था? |
| Ans | ✔ A. 2025 |
| | ✗ B. 2022 |
| | ✗ C. 2024 |
| | ✗ D. 2023 |

| | |
|---|---|
| Q.99 | 5-6 फरवरी 2025 को, फिक्की (FICCI) और CII की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की बैठकें किस शहर में BGBS में एकत्रित हुईं? |
| Ans | ✗ A. सूरत |
| | ✔ B. कोलकाता |
| | ✗ C. नई दिल्ली |
| | ✗ D. रायपुर |

| | |
|---|---|
| Q.100 | राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) द्वारा अप्रैल 2025 में कौन-सी स्कीम शुरू की गई? |
| Ans | ✗ A. ब्लू हाइड्रोजन विनियमन स्कीम (Blue Hydrogen Regulation Scheme) |
| | ✗ B. कार्बन कैप्चर स्कीम (Carbon Capture Scheme) |
| | ✔ C. हरित हाइड्रोजन प्रमाणन स्कीम (Green Hydrogen Certification Scheme) |
| | ✗ D. नवीकरणीय हाइड्रोजन विनिमय स्कीम (Renewable Hydrogen Exchange Scheme) |

"